#ConvocationCeremony योजना एवं वास्तुकला विद्यालय के 80 स्नातकों, 156 परास्नातकों व 6 पीएचडी को डिग्री मिली

वास्तुकला को दी नयी ऊंचाई, पर्यावरण अनुकूल की भवन डिजाइनिंग

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

भोपाल. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) भोपाल का दशम दीक्षांत समारोह कैंपस में शनिवार को आयोजित किया गया। डॉ सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यकारी और शैक्षिक प्रमुख इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।

स्टूडेंट्स के बनाए शैक्षणिक कार्यों की प्रदर्शनी

प्रो (डॉ) हाकम दान चारण, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (शासी मण्डल) ने दीक्षांत समारोह के प्रारंभ की घोषणा की। निदेशक प्रो कैलासा राव एम ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं एसपीए भोपाल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। यहां 241 स्नातकों (80 स्नातक, 156 परास्नातक, 5 पीएचडी) को डिग्री प्रमाण पत्र प्रदान की गई। इनमें वास्तुकला में स्नातक, योजना में स्नातक, वास्तुकला में परास्नातक (संरक्षण), वास्तुकला में परास्नातक (भुपरिदृश्य), वास्तुकला में परास्नातक (नगर अभिकल्पना), अभिकल्प में परास्नातक, योजना परास्नातक (पर्यावरण योजना), योजना परास्नातक (परिवहन योजना एवं लोजिस्टिक्स प्रबंधन), योजना परास्नातक (नगर एवं क्षेत्रीय योजना) एवं 5 वाचस्पति (पीएचडी) विधाओं के छात्रों को उपाधियों के साथ 2 उत्कृष्टता पदक, 9 प्रवीणता स्वर्ण पदक संबंधित विभागों के टॉपर्स को, 9 सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार एवं एक थीसिस के लिए प्रशंसा का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। मौके पर पिछले शैक्षणिक वर्ष (2022-23) के दौरान विभागों एवं विभिन्न कक्षाओं के विधार्थियों के द्वारा बनाए गए चयनित शैक्षणिक कार्यों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।